# अमर उजाला

बरेली
मंगलवार, 1 जुलाई 2025
आषाढ़ शुक्ल षष्ठी
विक्रम संवत 2082

PAGE NO : 11 BOTTOM


## दूरबीन विधि से सर्जरी पर आज से 50 फीसदी छूट



बरेली (वि)। 4 जुलाई को अपने स्थापना के 23 वर्ष पूरे होने पर एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में पहली जुलाई से 5 जुलाई तक दूरबीन विधि से ऑपरेशन के लिए मिनिमल इनवेसिव सर्जरी (दूरबीन विधि) कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप के दौरान ऑपरेशन कराने के लिए रजिस्ट्रेशन कराने वालों को लेप्रोस्कोपिक, एंडोस्कोपिक, आर्थोस्कोपिक, रोबोटिक और लेजर सर्जरी पर 50 फीसदी की छूट मिलेगी। यह बात एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति ने कही। रजिस्ट्रेशन पर 50 फीसदी की छूट गैस्ट्रो सर्जरी, न्यूरो सर्जरी, यूरोलॉजी, कॉस्मेटिक सर्जरी, इंटरवेंशनल सर्जरी, पीडियाट्रिक सर्जरी, कार्डियक सर्जरी, जनरल सर्जरी, गायनी सर्जरी, नेत्र सर्जरी, नाक, कान व गला सर्जरी जैसे विभागों में मान्य है। रजिस्ट्रेशन कराने वालों को लकी ड्रा भी शामिल होने का अवसर मिलेगा और जीतने वाले की सर्जरी निशुल्क की जाएगी।